नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

दरभंगा/कुशेश्वरस्थान (आससे)। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इस अवसर पर व्रतियों ने विभिन्न नदियों, जलाशयों एवं तालाबों में स्नान कर भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना की। इसके बाद अरवा चावल, चने या मूंग की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण कर नहाय-खाय का अनुष्ठान पूरा किया। इसके साथ ही घरों में छठ महापर्व की धार्मिक और आध्यात्मिक छटा बिखरने लगी। नहाय-खाय में कद्दू की विशेष महत्ता के कारण बाजार में इसकी मांग काफी बढ़ गई। मांग में तेजी के चलते कद्दू की कीमत 100 से 150 रुपये तक पहुंच गई। हालांकि, महंगाई के बावजूद व्रतियों ने परंपरा के अनुसार इसकी खरीदारी की। इधर, कुशेश्वरस्थान बाजार सहित प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर छठ पूजा की खरीदारी को लेकर दिनभर भीड़ लगी रही। फल, नारियल, सूप, दउरा, ईख और पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की चहल-पहल बनी रही। बाजारों में गूंजते छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महापर्व के दूसरे दिन शनिवार, 14 नवंबर को खरना होगा। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखकर शाम को भगवान सूर्य की पूजा के बाद गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही उनका 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। **वहीं दूसरी ओर रोसड़ा (आससे)** अनुसार लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय- खाय के साथ प्रारंभ हो गया । शुक्रवार को प्रातः व्रतियों ने बूढ़ी गंडक , करेह एवं बागमती नदियों के अलावे पवित्र सरोवरों एवं जलाशयों में स्नान के बाद भगवान भास्कर की पूजा - आराधना कर नहाय - खाय का प्रसाद बनाने में लग गये। व्रती अरवा चावल , चने की दाल , कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग भगवान लगाकर प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण किया और चार दिवसीय महापर्व अनुष्ठान का संकल्प लिया। **खानपुर /समस्तीपुर (आससे) के अनुसार** नहाय-खाय चतुर्थी तिथि में सम्पन्न किया गया वही खरना कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि में आज बर्ती सम्पन्न करेंगे। संध्या अर्घ्य कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि में एवं उषा अर्घ्य और पारण कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारणकर व्रत सम्पन्न होगा।

छठ घाट की तैयारी का डीएम ने लिया जायजा

दरभंगा(आससे)। छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कौशल कुमार ने गुरुवार को हराही पोखर छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण में घाट की साफ-सफाई एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीढ़ी निर्माण का कार्य पूरा पाया गया, जबकि सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग का काम प्रगति पर था। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को बैरिकेडिंग सहित शेष सभी कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

डीएम ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

समस्तीपुर (आससे)लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी समस्तीपुर, रोशन कुशवाहा द्वारा रोसड़ा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का औचक एवं विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील एवं गहरे पानी वाले छठ घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग और सुरक्षा के लाल निशान अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से अर्घ्य दे सकें। इसके साथ ही घाटों पर एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की तर्ज पर कुशल गोताखोरों, पर्याप्त नाविकों और लाइफ जैकेट की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

पीएम-अजय योजना में चयनित 39 गांवों के विकास को मिलेगी गति : डीएम

मधुबनी (आससे)। जिले में अनुसूचित जाति बहुल गांवों के समग्र विकास एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में जिला पदाधिकारी ने पहल तेज कर दी है। इस क्रम में गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम-अजय योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय मूल्यांकन-सह-अभिसरण समिति की बैठक की गई।बैठक में योजना के तहत जिले में चयनित गांवों में विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा आवश्यक योजनाओं के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पीएम-अजय योजना के अंतर्गत जिले में कुल 39 गांवों का चयन किया गया है।

ई-रिक्शा पलटने से दुकानदार की मौत

कुशेश्वरस्थान (दरभंगा) (आससे)। छठ महापर्व की तैयारियों के बीच एक परिवार की खुशियां शुक्रवार की सुबह मातम में बदल गईं। परिवार के लिए रोजी-रोटी का सामान लेकर घर लौट रहे 32 वर्षीय राजीव राय की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अलौली थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव स्थित डेयरी फार्म के सामने सामान से लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। उसके नीचे दबने से राजीव की जान चली गई। इस हादसे ने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य छीन लिया। साथ ही दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया भी उठ गया। मृतक राजीव राय कुशेश्वरस्थान प्रखंड के तेगच्छा गांव के निवासी थे। गांव में छोटी-सी किराना एवं सब्जी की दुकान चलाकर पत्नी मुन्नी देवी और दो बेटों का भरण-पोषण करते थे।

रील्स बनाने के दौरान युवक की डूबने से मौत

समस्तीपुर (आससे)। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय पर शुक्रवार को शहर के बीआरबी कॉलेज स्थित पोखर में स्नान करने के दौरान रील बनाने के क्रम में 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10.30 बजे की है। करीब छह घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद किशोर का शव पोखर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आदर्शनगर भुईधारा मोहल्ला निवासी रामू दास के पुत्र गोलू कुमार (16 वर्ष) के रूप में हुई है।

गंडक में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत

रोसड़ा (आससे) । शहर के बूढ़ी गंडक नदी के सीढ़ी घाट के सामने नहाने के क्रम में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी, जिससे लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नहाय-खाय को लेकर बच्चा अपनी मां एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्नान करने नदी गया था। मां ने उसे स्नान कराकर नदी के किनारे बिठाकर मंदिर में पूजा करने चली गयी। इसी बीच वह अकेलेपन का फायदा उठाते हुए पुनः स्नान करने को लेकर नदी में प्रवेश कर गया। जिससे वह गहरे पानी में चला गया और वह नदी से बाहर नहीं आ सका। बच्चे को डूबते देख लोगों ने शोर भी मचाया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। मृतक की पहचान रोसड़ा थाना क्षेत्र के सहियार बुर्ज वार्ड सं.- 4 के निवासी अजय राम के पुत्र अविनाश कुमार (12 वर्ष) के रूप में की गयी है।

फरार एएसआइ चंद्रमोहन सिंह का मिला शव

मधुबनी (आससे) । जिले के बाबूबरही के बलिराजगढ़ में ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग कर एक व्यक्ति की हत्या और तीन लोगों को घायल करने के मामले में फरार चल रहे एएसआइ चंद्रमोहन सिंह का शव बरामद हुआ है। गुरुवार को देर शाम बाबूबरही के बलिराजगढ़ इलाके में उनका शव मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, वहीं इलाके में सनसनी फैल गई। गौरतलब है कि बलिराजगढ़ में एएसआइ चंद्रमोहन सिंह को एक युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखकर ग्रामीणों ने विरोध किया था। इसी दौरान एएसआइ ने ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए थे। मधुबनी के वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के बाद से ही चंद्रमोहन सिंह फरार चल रहा था। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, गुरुवार को ही इनाम की राशि बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दी गई थी। गिरफ्तारी के लिए 12 विशेष टीमों का गठन किया गया था। बिहार के कई जिलों के अलावा नेपाल तक संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। लेकिन इसी बीच गुरुवार की देर शाम उसका शव बरामद हो गया। मधुबनी के एसपी योगेंद्र कुमार ने शव मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव काफी खराब और क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। शव के पास से आधार कार्ड, सर्विस रिवॉल्वर, लैपटॉप और एएसआइ चंद्रमोहन सिंह का मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

सुखाई एवं महथा पोखर पर स्थापित हो रही सूर्य की प्रतिमा

जाले (दरभंगा) (आससे) । जाले के सुखाई एवं महथा पोखर पर लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां बीते वर्ष 2017 एवं 2001 से लगातार छठ पूजा के अवसर पर भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित करने की परंपरा चली आ रही है। इस बार भी श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ छठ महापर्व मनाने की तैयारी में जुटे हैं।

समाहरणालय, गोपालगंज

(बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत अधिहरित वाहन की सार्वजनिक नीलामी)

—:वाहन नीलामी की अल्पकालीन सूचना:—

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में शराबबंदी के उपरांत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथासंशोधित) के अधीन दर्ज उत्पाद वादों में जप्त वाहनों का उक्त अधिनियम की धारा – 58(5) के अधीन अधिहरण के पश्चात् अधिहरित वाहनों को सार्वजनिक हित में सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री करने के आदेश हेतु समाहर्ता को प्रदत शक्ति के आलोक में इस हेतु निमित गठित समिति द्वारा विभागीय पत्रांक–13/विनष्टीकरण/ अधिहरण/नीलामी– SOP/12–02/2025–809, दिनांक–03.02.2026 मे दिये गये अधिहरण एवं नीलामी से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का पालन करते हुए दिनांक 08.10.2026 एवं 29.10.2026 को सार्वजनिक नीलामी किया गया, जिसमें से शेष बचे वाहनों की सार्वजनिक नीलामी उपरोक्त विभागीय पत्रांक–13/विनष्टीकरण/अधिहरण/ नीलामी–SOP/12–02/2025–809, दिनांक–03.02.2026 कंडिका–13 में दिए गए "तीन बार नीलामी के उपरान्त भी यदि किसी वाहन की बिक्री नहीं हो पाती है तो उस वाहन की नीलामी ***"As Is Where is Basis"*** पर की जाए। ***"As Is Where is Basis"*** पर प्रत्येक नीलामी में वाहनों के मूल्य को 10% कम करते हुए तब तक नीलामी की जाए" के आधार पर **'जो है, जहाँ है, जैसा है उसी स्वरूप में' जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, गोपालगंज** में निम्न प्रकार से की जायेगी।

वाहन की सार्वजनिक नीलामी की तिथि		आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	आवेदन प्राप्त करने का स्थान
सार्वजनिक नीलामी की **तिथि**	**27.11.2026** किसी कारणवश नीलामी नही होने की स्थिति में पुनः नीलामी दिनांक **28.11.2026** को किया जायेगा	24.11.2026	**अधीक्षक मद्यनिषेध, कार्यालय गोपालगंज** नव निर्माणाधीन न्यू पुलिस लाईन के समीप फतहा रोड), बसडीला, गोपालगंज

नीलामी हेतु वाहन का विवरण:—

नीलामी हेतु वाहन का विवरण

क्र0	अधिग्रहित उत्पाद वाद संख्या	थाना का नाम	काण्ड संख्या	वाहन का स्थान (जहाँ पर वाहन रखा गया है।)	वाहन का प्रकार	वाहन का निबंधन संख्या	वाहन का चेचिस संख्या	वाहन का ईंजन संख्या	वाहन स्वामी का नाम व पता	निबंधन वर्ष	वाहन का न्यूनतम मूल्य	अग्रधन की राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
दिनांक 08.10.2026 को हुए पंचम नीलामी में बचे शेष वाहनों का छठ्म नीलामी												
1.	1246/23	जादोपुर	200/23	जादोपुर	Motor Cycle	BR28M8199	MBLJA06AMFG G13893	JA06EJFGG3963 9	जीतेन्द्र कुमार पिता–शतरुघन प्रसाद, सा0–ब्रह्म स्थान, गोपालगंज।	2015	12393	2479
2.	1618/24	विशम्भरपुर	125/24	विशम्भरपुर	Motor Cycle	BR22AZ4991	MBLHAW126N4 H04192	HA11EYN4H018 66	लालबाबु कुमार पिता–लंगटू बीन सा0–रानी पकडी, पश्चिम चम्पारण	2022	24786	4958
3.	1363/24	विशम्भरपुर	99/24	विशम्भरपुर	Motor Cycle	BR28D7194	MBLHA10EWCH D06411	HA10EDCHD079 02	अमरेश पाठक पिता–चन्द्रभूषण पाठक, सा0–जलालपुर, गोपालगंज।	2012	10206	2042
4.	1411/24	विशम्भरपुर	101/24	विशम्भरपुर	Motor Cycle	BR22AR3748	MBLJAW178LGF 22342	JA07ABLGF0343 4	प्रेमचन्द्र चौरसिया, पिता–नन्दू चौरसिया, सा0– धनकुटवॉ, पश्चिम चम्पारण।	2020	18954	3791
5.	1409/24	विशम्भरपुर	101/24	विशम्भरपुर	Motor Cycle	BR29X1952	MBLJA06APFGD 06353	JA06ELFGD0629 1	ाम्स प्रवेज अंसारी पिता–स्व0 नवीरसुल अंसारी, सा0–पुरब मुहल्लाह मील रोड, मीरगंज गोपालगंज।	2016	13122	2625
6.	1361/24	विशम्भरपुर	95/24	विशम्भरपुर	Motor Cycle	BR22AN5661	ME4JC71AKKG0 40880	JC71EG0084881	घरबहारन देवी पति–अशोक महतो सा0–बेलवा मोड, पश्चिम चम्पारण	2019	12393	2479
7.	2042/24	विजयपुर	203/24	विजयपुर	Motor Cycle	BR28W5463	MD634CE46K2C 16985	CE4CK2216129	संदीप कुमार राम पिता–भोला राम सा0–मुसेहरी, गोपालगंज।	2019	21870	4374
8.	1269/24	विजयपुर	158/24	विजयपुर	Motor Cycle	BR28AE2934	ME4JC88DBRG0 11374	JC88EG3026070	अमीर अंसारी पिता–अफिया अंसारी, सा0–सिसइ बाजार, भोरे गोपालगंज।	2024	27702	5541
9.	239/25	कुचायकोट	534/24	कुचायकोट	Motor Cycle	BR28E9870	MD2DDDZZZSP M14251	DUUBSM44594	धर्मेन्द्र दुबे पिता–महातम दुबे सा0–नारायणपुर, गोपालगंज।	2013	8019	1604
10.	107/25	कुचायकोट	499/24	कुचायकोट	Motor Cycle	BR01BK3914	MBLHA10EWCH C24755	HA10EDCHC268 13	रामेश्वर प्रसाद पिता–स्व0 किशोरी प्रसाद, सा0–अशोक नगर पटना।	2012	10935	2187
11.	111/25	कुचायकोट	507/24	कुचायकोट	Motor Cycle	BR05AW6042	MD634AE84N2 G14644	AE8GN2214244	सुगंधी देवी पति–देवलाल सहनी, सा0–पकरीयार टोला, पश्चिम चम्पारण।	2022	43011	8603
12.	889/24	गोपालपुर	89/24	गोपालपुर	Motor Cycle	BR28S5926	ME4JC715KHT0 85484	JC71ET1133110	देवेन्द्र पाण्डेय पिता–बचेन्द्र पाण्डेय सा0–पहाडपुर सेमरा, गोपालगंज।	2017	13122	2625
13.	21/24	सिधवलिया	200/24	सिधवलिया	Motor Cycle	BR28Q5328	MBLJA06AMGG G30396	JA06EJGGG337 43	रीता कुमारी पिता–विक्रमा प्रसाद, सा0–गमहारी छपिया, गोपालगंज।	2016	9477	1896
14.	11/25	मांझागढ़	216/24	मांझागढ़	Motor Cycle	BR06AT7590	MBLJA06AMF9 G13170	JA06EJF9G1283 9	भरत कुमार शर्मा पिता–राम जीवन शर्मा, सा0–सरमास्तपुर, सकरा, मुजफ्फरपुर।	2015	21870	4374
15.	196/25	जादोपुर	198/24	जादोपुर	Motor Cycle	BR28AE5385	ME4HC152ERG 299311	HC15EG129952 1	संजय सहनी पिता–धनइ सहनी, सा0–सेमराही, गोपालगंज।	2024	32076	6416
16.	344/24	जादोपुर	294/23	जादोपुर	Motor Cycle	BR28S8488	MBLHAR077JHA 30572	HA10AGJHA349 86	गुफरान अली पिता–हदीश अंसारी, सा0–नवीहाता, सिवान।	2018	11810	2362
17.	686/24	जादोपुर	48/24	जादोपुर	Motor Cycle	BR05AU9903	MD625BK29N3 E02086	BK2EN3702521	रविशंकर यादव पिता–शम्भू यादव, सा0–मझरिया, मलही, पूर्वी चम्पारण।	2022	36450	7290
18.	105/25	बरौली	117/25	बरौली	Motor Cycle	BR29AG1490	MD634BE41J2H 48265	BE4HJ2547491	प्रताप कुमार पिता–दीपक कुमार, सा0–ब्लॉक कॉलोनी, गोपालगंज	2019	24057	4812
19.	90/25	बरौली	62/25	बरौली	Motor Cycle	BR29AR7593	MBLHAW129M HF87411	HA11EYMHF66 098	गीता देवी पति–कन्हैया पासी, सा0–मलिक टोला कइलगढ़, सिवान	2021	24057	4812
20.	99/25	बरौली	12/25	बरौली	Motor Cycle	BR29M5149	MBLHA10AXDG D00965	HA10ENDGD01 733	अफताब आमल पिता–अनुर राय सा0–छपिया बुजुर्ग, सिवान।	2013	10206	2042
21.	89/25	बरौली	24/25	बरौली	Motor Cycle	BR28F4788	ME4JC583AD81 75796	JC58E81174900	मोहल महतो पिता–दरबारी महतो सा0–जोखा, बरौली, गोपालगंज।	2013	7290	1458
22.	104/25	बरौली	138/25	बरौली	Motor Cycle	BR28L-7111	MD2A11CZOFC F38459	DHZCFF13114	सुरजमान सिंह पिता–सत्येन्द्र सिंह सा0–रतन सराय, बरौली, गोपालगंज।	2016	16038	3208
23.	78/25	बरौली	70/25	बरौली	Motor Cycle	BR29Y6390	ME4JC673EG80 18409	JC67E2018240	दीलीप सिंह पिता–भीखम सिंह, सा0–हरपालपुर, सिवान।	2016	10206	2042
24.	248/25	उत्पाद थाना महम्मदपुर	01/25	उत्पाद थाना महम्मदपुर	Motor Cycle	BR29L7290	ME4JC36KMC71 48229	JC36E7430773	सुरेश प्रसाद पिता–स्व0 महातमा प्रसाद, सा0–महम्मदपुर गोपालगंज	2013	8748	1750
25.	933/24	उत्पाद थाना महम्मदपुर	57/24	उत्पाद थाना महम्मदपुर	Motor Cycle	BR29AU9320	MBLHAW121N HG06602	HA11EDNHG41 368	करान्ति कुमार पिता–रामपुजन प्रसाद, सा0–बरौली, गोपालगंज।	2022	30618	6124
26.	54/25	उत्पाद थाना गोपालगंज	911/24	उत्पाद मालखाना बंजारी	Motor Cycle	BR28X4521	MBLJAW159LG G22254	JA07ACLGG218 65	मंजू देवी पति–परमेश्वर सा0–शाहपुर, गोपालपुर, गोपालगंज।	2020	22599	4520
27.	93/25	उत्पाद थाना गोपालगंज	855/24	उत्पाद मालखाना बंजारी	Motor Cycle	BR22Y3542	MBLJA05EMG9 E09239	JA05ECG9E2648 0	खालीद हुसैन पिता–जाकिर हुसैन सा0–बरवट, बेतिया।	2016	11664	2333
28.	790/24	उत्पाद थाना गोपालगंज	568/24	उत्पाद मालखाना बंजारी	Motor Cycle	BR22Y3175	MBLJA06AMG9 D18200	JA06EJG9D1788 0	संजय कुमार पिता–जगदीश प्रसाद, सा0–अहिरौली टोला, बेतिया।	2016	12393	2479
29.	1014/23	उत्पाद थाना गोपालगंज	879/23	उत्पाद मालखाना बंजारी	Motor Cycle	BR05Q7500	MBLJA06AMFG A05821	JA06EJFGA0879 3	कृष्णा रावत पिता–स्व0 कोदाइ रावत, सा0–बथना, मोतिहारी।	2015	12393	2479
30.	1295/24	विजयपुर	161/24	विजयपुर	Cycle	NA	NA	NA	–	-	183	37
31.	1881/24	विशम्भरपुर	152/24	विशम्भरपुर	Cycle	NA	NA	NA	–	-	183	37
32.	265/25	गोपालपुर	05/25	गोपालपुर	Cycle	NA	NA	NA	–	-	183	37
33.	107/25	बरौली	42/25	बरौली	Cycle	NA	NA	NA	NA	-	146	30
दिनांक 08.10.2026 को हुए छठ्म नीलामी में बचे शेष वाहनों का सप्तम नीलामी												
34.	567/24 798/24	गोपालपुर	71/24	गोपालपुर	मोटरसाईकिल	BR28AB-2254	MD2B68BX6NPG1 1050	DHXPNG77025	अमित कुमार पिता– साकीचन्द साह, सा0–कल्याणपुर, थाना– बरौली, जिला– गोपालगंज	2022	35430	7086
35.	589/24 936/24	गोपालपुर	61/24	गोपालपुर	मोटरसाईकिल	BR29Q-8779	ME11CK051E2015 849	ACK5015812	एम0 सत्यदेव दास पिता– चन्द्रदेव दास, सा0–डांगसी, थाना– सिधवलिया, जिला– गोपालगंज	2014	22964	4593
36.	964/23 1517/23	गोपालपुर	202/23	गोपालपुर	मोटरसाईकिल	BR28F-6288	MD2A15BZ8DRM 28436	JZZRDM40553	अंशु कुमारी पिता– मनोज कुमार राय, सा0–रतनचक, थाना– हथुआ, जिला– गोपालगंज।	2013	7874	1575
37.	221/24 298/24	गोपालपुर	238/23	गोपालपुर	मोटरसाईकिल	BR28F-6212	MD2A15BZ7DRL2 0552	JZZRDL32685	आनन्द कुमार सिंह पिता– सुरेन्द्र सिंह, सा0–गोपालपुर, थाना– महम्मदपुर, जिला–गोपालगंज	2013	7874	1575
38.	555/24 7662/24	गोपालपुर	49/24	गोपालपुर	मोटरसाईकिल	BR28F-2900	MBLHA10AMCHF7 8468	HA10EJCHF96415	चन्द्रमोहन राय पिता– स्व0 रामनगीना राय, सा0– इमलिया मॉझा, थाना– फुलवरिया, जिला– गोपालगंज	2012	9842	1969
39.	258/24 377/24	गोपालपुर	252/24	गोपालपुर	साईकिल	-	-	-	–	–	198	40
40.	560/24 781/24	गोपालपुर	58/24	गोपालपुर	साईकिल	-	-	-	–	–	99	20
41.	590/24 937/24	गोपालपुर	55/24	गोपालपुर	साईकिल	-	-	-	–	–	132	27
42.	878/24 1682/24	गोपालपुर	143/24	गोपालपुर	साईकिल	-	-	-	–	–	132	27
43.	888/24 1692/24	गोपालपुर	50/24	गोपालपुर	साईकिल	-	-	-	–	–	99	20
44.	953/24 1814/24	गोपालपुर	226/24	गोपालपुर	ए साईकिल	-	-	-	–	–	132	27
45.	23/24 1358/24	फुलवरिया	210/24	फुलवरिया	मोटरसाइकिल	BR28J-4819	MBLJA05EME9E12 292	JA05ECE9E1666	रंजनी कुमारी, पति–केशनाथ यादव, सा0–कमलाकान्त करखिया, फुलवरिया, गोपालगंज।	2014	8530	1706
46.	18/24 1305/24	फुलवरिया	92/24	फुलवरिया	मोटरसाइकिल	BR04Y-8903	MD2A11CY4JRL24 259	DYHRJL97017	नन्दलाल राय, पिता–चन्द्रदिप राय, सा0–बटकेसरी, जलालपुर सारण पिन नम्बर–841301	2018	13122	2625
47.	1568/23	विजयीपुर	247/23	विजयीपुर	मोटरसाइकिल	BR22BC-2327	MBLJAW17XNGH0 1260	JA07ABNGG12445	कुन्दन कुमार, पिता–झापस साह, सा0–सरिसवा बाजार, मंझवलिया प0घम्पारण	2023	22964	4593
48.	-	कटेया	332/23	कटेया	साइकिल	–	–	–	–	–	66	14
49.	1885/23	कटेया	397/23	कटेया	साइकिल	–	–	–	–	–	99	20
50.	497/24 785/24	मांझागढ	83/24	मांझागढ	साइकिल	–	–	–	–	–	66	14
51.	1004/24 1904/24	कुचायकोट	371/24	कुचायकोट	Motor Cycle	BR28Q-2854	MD625FF17 H3D05336	FF1DH1 027396	सुबित राम, पे0– जगरनाथ राम, सा0– रामपुर माधो, पो0–मनियारा, था0– कुचायकोट, जि0–गोपालगंज	2017	7874	1575
52.	811/24 1319/24	कुचायकोट	264/24	कुचायकोट	Motor Cycle	BR06DB-2852	MBLKCU094 NHJ00116	KC01AD NHJ00165	राजेश सहनी, पे0– योगेन्द्र सहनी, सा0–हरपुर लाहीरी, था0– अहियापुर, जि0–मुजफ्फरपुर	2022	41991	8399
53.	768/24 1212/24	जादोपुर	113/24	जादोपुर	Motor Cycle	BR28Q-3194	MD2A74BZXGRF4 8349	JHZRG F98541	धनंजय कुमार राय, पे0– स्वामीनाथ राय, सा0– गोपालपुर, पो0–गोपालपुर, था0–गोपालपुर, जि0– गोपालगंज	2016	7874	1575
54.	21/25 2117/24	गोपालपुर	295/24	गोपालपुर	Motor Cycle	BR28AB-3812	MD2B54DX 1NCF24107	PDXCN F94842	बिरबल चौहान, पे0– सुभाष चौहान, सा0–बोधाछापर, पो0–बोधाछापर, था0– गोपालपुर, जि0– गोपालगंज	2022	39366	7874

PTO